प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वर्ष 2025 के लिए प्रदेश की 10 विभूतियों समेत 139 लोगों को दिये पद्म पुरस्कार : प्रदेश के राम बहादुर राय और साध्वी ऋतंभरा को मिला पद्म भूषण।
2. पहलगाम हमले के बाद प्रदेश से वापस भेजे गये पाकिस्तानी नागरिक : डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा– आखिरी पाकिस्तानी को 30 अप्रैल को किया जायेगा रवाना।
3. कौशांबी में मिट्टी का टीला ढहने से पांच महिलाओं की मौत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा।
4. अयोध्या में सरयू नदी में बनेंगे फ्लोटिंग स्नान कुंड : एक बार में 300 श्रद्धालु कर सकेंगे स्नान। और
5. अमरोहा की आर्यांशी ने एशियाई योगासन खेल चंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीत कर बढ़ाया प्रदेश का मान।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज वर्ष 2025 के लिए पद्म पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह

**में प्रदेश के 10 हस्तियो समेत 139 लोगों को विभिन्न श्रेणियों में य पुरस्कार दिए गए। इनमें 7 को पद्म विभूषण, 19 को पद्म भूषण और 113 लोगों को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पेश है एक रिपोर्ट–**

*प्रदेश की साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्यों और राम बहादुरराय को साहित्य एवं शिक्षा, पत्रकारिता के लिए पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।*

*ऑडियो.........*

*वहीं विज्ञान और इंजीनियरिंग के लिए आशुतोष शर्मा, साहित्य और शिक्षा के लिए सैयदऐनुल हसन, गणेश्वर शास्त्री द्रविड़, और हृदयनारायण दीक्षित को पद्म श्री से सम्मानितकिया गया।*

*ऑडियो.........*

*खेल के लिए सत्यपाल सिंह, कला के क्षेत्र में श्याम बिहारी अग्रवाल औऱचिकित्सा के क्षेत्र में सोनिया नित्यानंद को पद्म श्री सेसम्मानित किया गया। इनके अलावा श्री नारायण भुलई भाई को सार्वनिक मामलों मेंमरणोपरांत पद्म श्री प्रदान किया गया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

**पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर देश में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेज दिया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 75 जिलों में पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें वापस भेजने की व्यवस्था की गयी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी नागरिकों के वतन**

वापसी को पुख्ता करने के लिए विभिन्न जिलों से पाकिस्तानी नागरिकों के साथ स्थानीय पुलिस दल को भेजा गया। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में केवल एक पाकिस्तानी नागरिक रह रहा है, जिसे 30 अप्रैल को पाकिस्तान भेज दिया जाएगा।

वहीं पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में आज भी प्रदेश के कई ज़िलों में प्रदर्शन किया गया। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के आह्वान पर सामाजिक संगठनों, छात्रों और विदेशी भक्तों ने मानव श्रृंखला बनाई गई।

———————

उत्तर प्रदेश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के 50 वर्ष पूरे होने पर लखनऊ में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विभाग के विकास में विशिष्ट योगदान देने वाले 50 सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों समेत 50 प्रगतिशील बागवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसानों को पारंपरिक गेहूं और धान की खेती के अलावा औद्यानिक खेती की ओर ध्यान देने की ज़रूरत है। बाइट......

*और जब से उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में हमारी सरकार बनी है डबल इंजन की सरकार तब से सभी क्षेत्रों में एक क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है। अब वह समय आ गया जब केवल धान और गेहूँ की खेती नहीं करना है। आने वाले समय में अगर हम उत्तर प्रदेश के*

*अंदर अगर नब्बे प्रतिशत का औद्यानिक खेती करे और दस प्रतिशत में ही केवल गेहूं और धान की फसल को उत्पाद करें तो मेरा उत्तर प्रदेश हिंदुस्तान नहीं दुनिया का सबसे संपन्न प्रदेश बन जाएगा।*

————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आज हापुड़ में वक्फ संशोधन बिल पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नया वक्फ कानून वक्फ संपत्तियों को जनहित में इस्तेमाल करने के लिए लाया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि गांव गांव जाकर प्रत्येक व्यक्ति तक इस बिल की चर्चा की जाएगी। बाइट.....

*लोगों ने अपने निजी हितों के लिए कब्जे किए है। यह सरकार का जो बिल है यह उसके सधार की तरफ है उन भूमाफियाओं से जमीन छुड़ाकर गरीबों के काम आए अस्पताल बने कॉलेज बने और आम आदमी के गरीब आदमी के कल्याण के लिए उसके हितों के लिए उन संपत्तियों का इस्तेमाल हो इसके लिए सरकार ने यह कानून बनाया और हम सब लोग मिलकर इसके विषय में एक सार्थक चर्चा करेंगे ।*

————————

प्रदेश के श्रम एवं सेवा योजना मंत्री अनिल राजभर ने आज जौनपुर में भाजपा द्वारा आयोजित एक देश एक चुनाव कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री राजभर ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन समाज और देश हित में है।

————————

सुल्तानपुर में एमपी—एमएलए विशेष अदालत में आज नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के खिलाफ

चल रहे मानहानि मामले में सुनवाई हुई। वादी पक्ष के वकील संताष पांडे ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुई जिरह की प्रक्रिया पूरी न हो पाने के कारण विशेष न्यायाधीश ने अगली सुनवाई की तिथि 17 मई निर्धारित की है। बाइट.....

*राहुल गांधी एक मामले में आज माननीय एमपी एमएलए कोर्ट में सुनवाई होनी थी जिसमें गवाह का बयान दर्ज होना था। आज गवाह अनिल मिश्रा सुबह से माननीय न्यायालय में उपस्थित आये थे। लंच बाद फाइल टेकअप हुई और अनिल मिश्रा का बयान मेरे द्वारा दर्ज कराया गया। उन्होंने घटना की पुष्टि किया। डिफेंस के अधिवक्ता द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन आंशिक रूप से किया गया। शेष जिरह अभी होनी है।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश से हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर उड़ान आज रात ढाई बजे रवाना होगी। करीब 268 हज यात्रियों को लेकर यह उड़ान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह

एयरपोर्ट से जाएगी। इससे पहले आज प्रदेश के हज राज्यमंत्री दानिश अंसारी ने हज हाउस का निरीक्षण कियाऔऱ यात्रियों का दी जाने वाली सुविधाओं को परखा।

————————

कौशांबी के कोखराज थाना स्थित टिकर डीह गांव में आज खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से पांच महिलाओं की दबकर मौत हो गई। वहीं तीन अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ये महिलाएं आज सुबह सरकारी तालाब से मिट्टी लेने गई थीं। इसी दौरान टीला ढह गया और वे उसके नीचे दब गईं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रुपये की राहत राशि देने की घोषणा की है। साथ ही अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

————————

अयोध्या में मेलों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भक्तों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सरयू नदी में फ्लोटिंग स्नान कुंड बनाने का फैसला किया है। यह कुंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगा। इस कुंड में 300 श्रद्धालु एक समय में स्नान कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि

प्रोजेक्ट की संरचना तैयार कर नक्शा भी जारी कर दिया है। बाइट.....

*बाथरूम कुंड बनाए जाएंगे सरयू नदी में पंद्रह बाई पाँच के दो कुंड बनाए जाएंगे जिसमें महिलाएं और पुरुष स्नान कर सकते हैं वहाँ पे विश्व स्तरीय सुविधाएं भी रहेंगी सुरक्षा के दृष्टिगत से रेलिंग रहेगी, चेंजिंग रूम रहेंगे, इस तरह की सभी सुविधाएं रहेंगी जिससे श्रद्धालुगण आके वहाँ पे स्नान कर सके और अपनी श्रद्धा अर्पित कर सके। ये लगभग तीन करोड़ का प्रोज है।*

————————

भारत ने कल दिल्ली में आयोजित एशियाई योगासन खेल चंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 83 स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीत हैं। विजेताओं में अमरोहा के श्रीमद दयानंद कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की छात्रा आर्यांशी ने दो स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। आयांशी ने यह पदक आर्टिस्टिक पेयर एवं आर्टिस्टिक ग्रुप इवेंट्स में प्राप्त किए हैं।

————————

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटन्स की टीमें आमने सामने हैं। यह मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हो रहा है।

————————

मौसम विभाग ने दो मई तक पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा का अनुमान जताया है। विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी इलाके

में तीस अप्रैल के बीच तेज सतही हवाएं चल सकती हैं। वहीं प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में भी बूंदाबांदी, बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

(समाप्त)